उड़ान

(वाच्य)

क्रिया के जिस रूप से ये पता चलता है की की वाक्य में कर्ता, कर्म, अथवा भाव में से किसकी प्रधानता है। यहाँ आपको बहुत ध्यान से वाक्य को पढ़ना है यह देखना है की इनमे में से किसकी प्रधानता है |

वाच्य क्रियाओं के विधान है।

वाच्य के भेद :

१. कर्तृ : कर्तृ वाच्य में कर्ता यानि की काम को करने वाला (Subject) प्रधान (Head) होता है।

२. कर्म : कर्म वाच्य में जो काम (Action) है वह प्रधान होता है।

३. भाव : भाव वाच्य में भाव (Emotion) प्रधान होता है.

1 .जहाँ पर भी **'द्वारा'** का प्रयोग दिखे वह कर्म वाच्या है। जैसे - शिकारी द्वारा शिकार की जाती है

2 . जहाँ **'ने '** का प्रयोग हो वह कर्तृ वाच्या है। जैसे **-** रमेश ने केला खाया। कभी कभी 'ने ' छुपा हुआ होता है। ध्यान दीजियेगा क्रिया करता के अनुसार होना चाहिए।जैसे - रमेश केला खाता है

Note: रीता ने पत्र लिखा। 'रीता' (कर्ता) स्त्रीलिंग है परन्तु ‘लिखा’क्रिया का एकवचन, ‘पुल्लिंग’रूप ‘पत्र’(कर्म) के अनुसार आया है। यहाँ कर्म वाच्या होगा।

3. भाव वाच्य में इस तरह के शब्द होते है। जैसे - खाया नहीं जाता , चला नहीं जाता, सोया नहीं जाता, दौड़ा नहीं जाता।

Q1. इनमें से कौन कौन से वाच्य के भेद हैं
A) कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य
B) संज्ञा, सर्वनाम
C) कारक, वचन
D) कर्ता का काल , क्रिया का फल
Q2. वाच्य क्या कहलाते हैं
A) संज्ञा के भेद

B) सर्वनाम के भेद
C) विशेषण के भेद
D) क्रियाओं के विधान

Q3. कर्तृवाच्य किसे कहते है
A) जहां क्रिया का प्रयोग वाक्य में कर्ता के लिंग व वचन के अनुसार किया जाता है
B) जिन क्रियाओं में भाव प्रधान ह
C) जिन क्रियाओं में शब्द प्रधान होता है
D) जहां क्रिया का प्रयोग वाक्य में कर्म के लिंग वचन के अनुसार किया जाता है

Q4. वाच्य के कितने भेद होते हैं ?
A) एक
B) दो
C) तीन
D) चार

Q5. जब क्रिया का प्रयोग कर्ता के लिंग, वचन और कारक के अनुसार होता है, तब कौन सा वाच्य होता है?
A) कर्मवाच्य
B) कर्तृवाच्य
C) भाववाच्य
D) मिश्र वाच्य

Q6. 'रोहन ने दिनेश को डंडे से मारा' वाक्य में कौन सा वाच्य होगा ?
A) कर्मवाच्य
B) भाववाच्य
C) कर्तृवाच्य
D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q7. 'राहुल धीरे-धीरे चलता हैं' वाक्य में वाच्य भेद बताइए|
A) कर्तृवाच्य
B) कर्मवाच्य

C) भाववाच्य
D) मिश्र वाक्य

Q8. 'सोनार गहने बनाता है' प्रयोग के आधार पर वाक्य भेद बताइए |
A) कर्मवाच्य
B) कर्तृवाच्य
C) भाववाच्य
D) उपर्युक्त सभी

Q9. जिस वाक्य में कर्म की प्रधानता होती है वहां कौन सा वाक्य होता है?
A) कर्तृवाच्य
B) कर्मवाच्य
C) कर्मवाच्य
D) कर्मवाच्य

Q10. जब क्रिया का रूप कर्म के अनुसार बदलता है तब कौन सा वाच्य होता है ?
A) कर्तृवाच्य
B) भाववाच्य
C) कर्मवाच्य
D) मिश्र वाक्य

Q11. कर्मवाच्य की पहचान किस शब्द से होती है?
A) के लिए
B) को
C) ने
D) द्वारा

Q12. 'शिकारी द्वारा शिकार किया जाता है' प्रयोग के आधार पर वाक्य भेद बताइए।
A) कर्तृवाच्य
B) भाववाच्य
C) कर्मवाच्य
D) मिश्र वाक्य

Q13. 'राकेश द्वारा पत्र लिखा जाता है' वाच्य के भेद बताइए।
A) कर्मवाच्य
B) भाववाच्य
C) कर्तृवाच्य
D) उपर्युक्त सभी

Q14. 'चलो अब खाया जाय' वाच्य भेद बताइए।
A) कर्तृवाच्य
B) भाववाच्य
C) कर्मवाच्य
D) कोई नहीं

Q15. 'दीपक ने गाना गाया ' प्रयोग के आधार पर वाक्य के भेद बताइए।
A) कर्तृवाच्य
B) कर्मवाच्य
C) भाववाच्य
D) उपर्युक्त सभी

Q16. 'अमित से दौड़ा नहीं जाता' वाक्य मैं वाक्यभेद बताइए
A) कर्तृवाच्य
B) कर्मवाच्य
C) भाववाच्य
D) उपर्युक्त कोई नहीं

Q17. 'राहुल ने कपड़े बाँटे' वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए
A) राहुल कपड़े बटवाता हैं
B) राहुल द्वारा कपड़े बटवाया गया
C) राहुल कपड़े बाँटने गया
D) उपर्युक्त कोई नहीं

Q18. उसने भोजन कर लिया वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए
A) उसने भोजन किया
B) उसके द्वारा भोजन नहीं किया गया
C) उसके द्वारा भोजन कर लिया गया
D) उपर्युक्त कोई नहीं

Q19. 'चोट लगने के कारण वह चल नहीं पाया' वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।
A) चोट लगने के कारण उसने चल नहीं पाया
B) चोट लगने के कारण उससे चला नहीं जा सका
C) उसे चोट लगी थी इसलिए चल नहीं पाया
D) चोट लगने की अवस्था में वह चल नहीं पाया

Q20. 'मैं दौड़ नहीं सकता' वाक्य को भाववाच्य में बदलिए
A) मुझसे दौड़ा नहीं गया
B) मुझे नहीं दौड़ना चाहिए था
C) मुझसे दौड़ा नहीं जा सकता
D) मुझसे दौड़ा गया

Q21. 'रीता सो भी नहीं सकती' वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।
A) रीता द्वारा सोया गया
B) रीता से सोया भी नहीं जाता
C) रीता ने सोया
D) रीता ने नहीं सोया

Q22. 'प्रेमचंद द्वारा गबन लिखा गया' वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।
A) प्रेमचंद ने गबन लिखा
B) गबन प्रेमचंद द्वारा लिखी गई
C) गबन प्रेमचंद द्वारा लिखित उपन्यास है
D) प्रेमचंद से गबन लिखा गया

Q23. 'राकेश से रोया नहीं जाता' वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।

A) राकेश नहीं रोता है
B) राकेश द्वारा रोया जाता है
C) राकेश रोने के लिए उत्सुक है
D) उपर्युक्त कोई नहीं

Q24. 'वह नृत्य देख रहा है' प्रयोग के आधार पर वाक्य भेद बताइए

A) कर्मवाच्य
B) भाव वाच्य
C) कर्तृवाच्य
D) उपर्युक्त सभी

Q25. 'उससे खाना नहीं खाया जाता' वाच्यभेद बताइए।

A) कर्तृवाच्य
B) कर्मवाच्य
C) मिश्र वाक्य
D) भाववाच्य

उड़ान / Director